दिनांक 24 अक्टूबर 2019

स्वच्छ.भारत.अभियान

स्वच्छ.एवं.सुंदर.भिलाई

महापौर परिषद की बैठक संपन्न , कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर हुई चर्चा

महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई एवं कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई! जोन क्रमांक 6 रिसाली द्वारा लाए गए प्रस्ताव आजाद मार्केट चौक रिसाली को संस्था लाइफ केयर स्कैन सेंटर ओम परिसर, आर्य नगर दुर्ग को सौंदर्यीकरण एवं संचालन के लिए दिए जाने पर महापौर परिषद द्वारा चर्चा की गई! बता दें कि लाइफ केयर स्कैन सेंटर ओम परिसर द्वारा आजाद मार्केट चौक रिसाली के पास शहीद चौक , योगा चौक, स्वच्छता चौक एवं महतारी चौक के सौंदर्यीकरण एवं संचालन स्वयं के व्यय से किए जाने के लिए मांग प्रस्तुत किया है जिस पर महापौर परिषद ने नियम शर्तों के साथ संचालन एवं संधारण का जिम्मा दिए जाने पर सहमति व्यक्त की है! महापौर श्री यादव ने कहा कि इसी तरह पीपीपी , विज्ञापन आधारित तथा स्वयं के व्यय से कोई कार्य करने का इच्छुक हो तो जोन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं जिस पर कार्यवाही की जावेगी!!

जनसंपर्क अधिकारी